**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**

**02.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## पीएम–किसान किस्त

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की और देश भर के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 20 हजार पांच सौ करोड़ रुपये अंतरित किए गए। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी मेहनत से कार्य किया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों के खातों में 3 लाख 75 हजार करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए छोटे जिलों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से एक नई पीएम धन धान्य योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत 24 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद, वे पहली बार काशी आए हैं और बाबा विश्वनाथ की कृपा से भारत ने पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाया है।

..........................................................................

## पीएम–किसान किस्त–2

नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि यह नया भारत है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरे विश्व ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी है। प्रधानमंत्री ने सभी से वोकल फॉर लोकल को प्राथमिकता देने की अपील की और कहा कि वे त्योहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों को ही प्राथमिकता दें।

..........................................................................

## भेंट

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से भेंट की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को हाल ही में राज्य में बादल फटने और भारी बारिश के कारण हुए नुकसान से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मानसून के दौरान भवनों, बुनियादी ढांचे, सड़कों, पुलों, जलापूर्ति योजनाओं, आवासीय संपत्तियों के अलावा बहुमूल्य मानव जीवन को भी भारी नुकसान हुआ है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री से भूमिहीन आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए एक बीघा भूमि आवंटित करने की अनुमति देने का आग्रह किया। उन्होंने आग्रह किया कि पहाड़ी राज्यों की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उनके लिए अलग मानदंड निर्धारित किए जाने चाहिए।

.................................................................................

**शपथ ग्रहण**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला में आयोजित एक गरिमामय समारोह में डॉक्टर पवनेश कुमार को हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहें। शपथ लेने के बाद डॉक्टर पवनेश कुमार ने कहा कि वे सत्य निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देंगे और प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए काम करेंगे।

.................................................................................

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार सहकारी समितियों को डिजिटल और पारदर्शी प्रणाली से जोड़ने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे एक हजार 7 सौ 89 प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए 53 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में 22 करोड़ 18 लाख रुपये कंप्यूटरीकरण के कार्य के लिए खर्च किए जा चुके हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि सभी सहकारी समितियों का ऑडिट इस वर्ष 30 सितंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

.................................................................................

**मौसम**

प्रदेश में लगातार हो रही मॉनसून की वर्षा से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई इलाकों में भारी वर्षा का येलो अर्ट जारी किया गया है। ऐसे में विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

*वीओ– हिमाचल प्रदेश में बीते 24 घंटों में ऊना जिले में सर्वाधिक 222 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जिससे स्वां नदी उफान पर है। ऊना शहर में दुकानों और घरों में बरसाती पानी भर गया है जबकि सड़कों पर जलभराव के चलते यातायात भी प्रभावित हुआ है। हालात को देखते हुए ऊना जिला प्रशासन ने आज सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित किया है। राज्य के अन्य इलाकों में भी बारिश की सूचना है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार भारी बारिश और भूस्खलन के कारण प्रदेशभर में तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 383 संपर्क सड़कें आवाजाही के लिए अवरुद्ध हैं। इसके अलावा 747 बिजली ट्रांसफार्मर और 249 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हैं।*